आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश सरकार का तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर आज मंडी में जन संकल्प सम्मेलन का आयोजन।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल का आरोप जन संकल्प सम्मेलन सरकार की विफलताओं को छिपाने का प्रयास।
- प्रदेश में एनसीसी कैडेट्स के उड़ान प्रशिक्षण के लिए अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट सिमुलेटर सुविधा की शुरूआत।
- शिमला के रिज मैदान पर आज से दस दिवसीय हिम ईरा सरस मेला आरंभ—प्रदेशभर के ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों और कारीगरों के एक सौ से अधिक स्टॉल स्थापित।
- प्रदेश में पर्यटकों की आमद में बढ़ौतरी जारी—विंटर पर्यटन सीजन को लेकर कारोबारियों की बढ़ी उम्मीदें।

जन संकल्प सम्मेलन

प्रदेश की कांग्रेस सरकार को तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर आज मंडी के पड्डल मैदान में जन संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सरकार द्वारा तीन साल की उपलब्धियों को लोगों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा और विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं की शुरूआत की जाएगी। इस मौके पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों और आपदा प्रभावित लोगों को विशेष राहत राशि जारी की जाएगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता।

——डिस्पैच—मुनीष सूद——कांग्रेस सरकार के 3 वर्ष पूरे होने पर आज पड्डल मैदान में होने वाली जनसंकल्प सम्मेलन के लिए सभी तैयारियां पूरी हो गई हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री राहकोट सामूहिक राहत केंद्र जनता को समर्पित करेंगे और माय डीड पोर्टल, नक्शा योजना, डिजिटल जमाबंदी, मॉड्यूल, भू नक्शा—पांच तथा ग्रामीण बैंक का लोगो भी लॉन्च किया जाएगा। मुख्यमंत्री राजीव गांधी प्राकृतिक खेती योजना के लाभार्थियों को डीबीटी ट्रांसफर करेंगे और आपदा प्रभावित जिलों को विशेष राहत राशि प्रदान की जाएगी। ई—टैक्सी वितरण, विदेशों में रोज़गार के इच्छुक युवाओं को एयर टिकट, वीजा तथा विभिन्न योजनाओं में मत्स्य पालन, मधु मांडव, पुष्प क्रांति के लाभार्थियों को सहायता दी जाएगी। सम्मेलन में स्वतंत्रता सेनानियों और महिला कबड्डी विश्व कप विजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रशासन ने मैदान को सेक्टरों में बांधकर अधिकारियों की ड्यूटी सुनिश्चित कर दी है। आकाशवाणी समाचारों के लिए मंडी से मैं मुनीष सूद।

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस सरकार के 3 साल का कार्यकाल पूरा होने के मौके पर आज आयोजित होने वाले वाले जश्न को जनता के साथ धोखा करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने 3 साल के कार्यकाल में जनता से किए किसी भी वायदे को पूरा नहीं किया है और अब एक बार फिर लोगों को गुमराह करने के लिए जश्न का नाम बदलकर जन संकल्प सम्मेलन रख दिया जो मात्र सरकार की विफलताओं को छुपाने का प्रयास है।

## मुख्य सचिव

सरकार नशा मुक्ति को केवल कानून की दृष्टि से नहीं, बल्कि सामाजिक पुनर्वास के रूप में भी देख रही है। ये बात प्रदेश के मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने कल कुल्लू के भुंतर में सरकारी डि–एडिक्शन सेंटर (इरका) का निरीक्षण करने के बाद कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं में भी नशे की समस्या बढ़ रही है। इस दिशा में भुंतर स्थित महिला नशा निवारण और पुनर्वास केंद्र जैसी संस्थाएं एक दूरदर्शी कदम सिद्ध होगी। संजय गुप्ता ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में इस केंद्र में सैकड़ों महिलाएँ उपचार, परामर्श और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं।

## एनसीसी

प्रदेश के एनसीसी कैडेट्स के लिए अत्याधुनिक वायरस –80 माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट सिमुलेटर का उद्घाटन कल कुल्लू के विधायक सुन्दर सिंह ठाकुर ने किया जिससे प्रदेश में एनसीसी कैडेट्स के लिए उड़ान प्रशिक्षण को बढ़ावा देने की एक आधुनिक सुविधा की शुरुआत हुई है। इस अवसर पर सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि यह सुविधा कैडेट्स के ज्ञान, आत्मविश्वास और भविष्य में सशस्त्र बलों में करियर के लिए उनकी तैयारी में मददगार सिद्ध होगी, जिससे क्षेत्र के 1100 से अधिक एनसीसी कैडेट्स को सीधा लाभ मिलेगा।

## शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के नावर में 9 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत से टुणाधार शहीद नाथूराम देवाड़ीघाट सड़क के मेटलिंग कार्य का शुभारंभ किया। इस दौरान विश्राम गृह टिक्कर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि क्षेत्र में सड़कों व विभिन्न विकास कार्यों के लिए लगभग 103 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि सड़क व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हर पंचायत में दो–दो सड़कों को विधायक प्राथमिकता के तहत स्वीकृत किया गया है जिससे अब तक 154 सड़कों को मंजूरी दी जा चुकी है।

सरस मेला

प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आज से शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर दस दिवसीय हिम ईरा सरस मेला व फूड कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेशभर के ग्रामीण स्वयं सहायता समूहों और कारीगरों के एक सौ दो स्टॉल लगाए जा रहे हैं। इनमें ग्रामीण क्षेत्र से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और हस्तशिल्प कारीगरों के लिए अपने उत्पादों की बिक्री का एक मंच प्राप्त होगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अन्य भागों में शुष्क ठंड का दौर जारी है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान में लगातार आ रही गिरावट से नदी–नाले और पेयजल स्रोत जमने लगे हैं वहीं लंबे समय से वर्षा न होने के कारण रबी की फसल प्रभावित होने लगी है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक मौसम में किसी भी तरह के बदलाव से इनकार किया है।

इस बीच पर्यटन स्थल कुल्लू–मनाली में सैलानियों की संख्या बढ़ने लगी है। सर्दियों का पर्यटन सीजन अब जोर पकड़ने लगा है और पर्यटन कारोबारियों को इस वर्ष क्रिसमस और नववर्ष पर कारोबार में बढ़ौतरी की उम्मीद है। पर्यटन कारोबारी अभिनव वशिष्ठ ने बताया कि बीते दिनों चोटियों में हुई बर्फबारी से क्षेत्र में पर्यटन कारोबार को मजबूती मिली है।

आजकल के विंटर सीजन के लिए मनाली और कुल्लू में टूरिस्ट की आमद वह धीरे–धीरे बढ़ रही है और वीकेंड्स पर तो काफी अच्छा रश देखने को मिल रहा है। जिससे यह उम्मीद है कि जो क्रिसमस और न्यू ईयर सीजन है वह भी काफी अच्छा रहेगा। इस वक्त यहां पर सासिक गतिविधियां पैराग्लाइडिंग, एयर बैलूनिंग और राफ्टिंग और और स्नो में एक्टिविटीज जो है वह जारी है। ताजा बराबरी के बाद अब और उम्मीद है कि जो विंटर टूरिज्म है उसमें बढ़ोतरी होगी।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है पीडब्ल्यूडी व जलशक्ति विभाग में शिफ्ट होंगे बिजली बोर्ड के 2 सौ 50 पद–सिविल कैडर के पद होंगे ट्रांसफर।

पंजाब केसरी की एक खबर है कांग्रेस सरकार का जन संकल्प सम्मेलन आज, अगले दो वर्षों का विजन रखेंगे सीएम सुक्खू। दिव्य हिमाचल के अनुसार सरकार के तीन साल पूरे होने पर आपदा प्रभावितों को 63 करोड़ बांटेंगे सुखविंदर सिंह सुक्खू। दैनिक जागरण का शीर्षक है हिमाचल की उम्मीद व संकल्प की साक्षी बनेगी छोटी काशी मंडी।

डॉक्टरों की नियुक्ति को ट्रेनी का नाम देने पर हाईकोर्ट ने दर्ज की गंभीर आपत्ति शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है ट्रेनी नाम ठीक नहीं, सरकार से मांगा जवाब।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा– भारत मानवाधिकारों की रक्षा व सम्मान के लिए प्रतिबद्ध।
- प्रदेश सरकार का 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर कल मंडी के पड्डल मैदान में जन संकल्प सम्मेलन का होगा आयोजन।
- प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल का आरोप– जन संकल्प सम्मेलन सरकार की विफलताओं को छुपाने का प्रयास।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए ज़मीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता पर दिया बल।
- एंटी चिट्टा अभियान के तहत प्रदेश पुलिस व औषधि विभाग ने विभिन्न स्थानों पर 20 दवा निर्माण इकाईयों का किया निरीक्षण।